

# उत्तर मध्य रेलवे
# प्रत्यूष

अप्रैल-मई एवं जून-जुलाई, 2024
99वाँ एवं 100वाँ अंक

## अध्यक्ष सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रेलवे बोर्ड श्रीमती जया वर्मा सिन्हा द्वारा झाँसी मंडल का दौरा



दिनांकः 18.07.2024 को अध्यक्ष सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रेलवे बोर्ड श्रीमती जया वर्मा सिन्हा द्वारा झाँसी मंडल के निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम नवनिर्मित मंडल नियंत्रण कार्यालय का निरीक्षण किया, जहाँ पर नये नियंत्रण भवन के साथ-साथ नव संस्थापित नियंत्रण कार्यालय एप्लीकेशन बोर्ड का अवलोकन किया। इसके उपरान्त मंडल रेल कार्यालय में स्थित गार्डन में अध्यक्ष महोदया एवं महाप्रबंधक श्री उपेन्द्र चंद जोशी द्वारा पर्यावरण को हरित रखने का सन्देश देते हुए पौधा रोपण किया गया। अध्यक्ष महोदया ने संयुक्त क्रू (ड्राईवर/गार्ड) लॉबी का निरीक्षण किया तथा इसके पश्चात् उन्होंने गाड़ी संख्या 12173 उद्योग नगरी एक्सप्रेस के सामान्य कोच में बैठे यात्रियों से कोच में जाकर बात-चीत कर फीड बैक लिया। इसके उपरान्त उन्होंने रिज़र्व लाउन्ज में वीरांगना लक्ष्मी बाई स्टेशन के पुनर्विकास के ले-आउट का अवलोकन किया तथा पॉवर पोइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से भावी स्वरुप का विज़ुअल देखा।

स्टेशन से प्रस्थान कर अध्यक्ष रेलवे बोर्ड महोदया एवं महाप्रबंधक RRI केबिन पहुंचे जहाँ पर उन्होंने पिछले फेलियर के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उनकी पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सम्पूर्ण व्यवस्था रखने की हिदायत दी।

इसके उपरांत CRB महोदया द्वारा रनिंग रूम का बारीकी से निरीक्षण किया गया।

इस रनिंग रूम के निरीक्षण उपरान्त श्रीमती जया वर्मा सिन्हा एवं महाप्रबंधक ने मंडल रेल कार्यालय में सभी ब्रांच अधिकारियों के साथ मंडल में चल रही परियोजनाओं पर सघन चर्चा की तदुपरांत ट्रेड एसोसिएशन/यूनियन पदाधिकारियों से भेंटवार्ता की। बैठक उपरान्त CRB एवं महाप्रबंधक ने रेल कोच नवीनीकरण कारखाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारखाने की विभिन्न शॉप्स एवं अन्य तकनीकी उपकरण का अवलोकन किया तथा उनकी कार्यप्रणाली की परख की।

निरीक्षण के दौरान रेलवे बोर्ड, मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारी निरीक्षक व स्टाफ उपस्थित रहे।

## श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने किया उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण



भारतीय रेल यातायात सेवा के अधिकारी श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, उत्तर रेलवे के पद पर कार्यरत थे। नवागत महाप्रबंधक 1988 बैच के अधिकारी हैं और उन्होंने भारतीय रेल में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं।

यातायात से संबंधित मुद्दों में अपने व्यापक अनुभव के अलावा, उन्हें सामान्य प्रशासन में भी व्यापक अनुभव है। श्री जोशी ने अपनी रेल सेवा की शुरुआत सहायक परिचालन प्रबंधक, समस्तीपुर के रूप में की, उसके बाद डीओएम और डीसीएम लखनऊ के रूप में कार्य किया और उसके बाद क्रमशः सीनियर डीओएम वाराणसी और इज्जतनगर मंडलों के रूप में पदस्थापित हुए। उन्होंने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में उप मुख्य परिचालन प्रबंधक और उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के रूप में भी कार्य किया है। फिर उन्होंने उत्तर पश्चिम मुख्यालय में उप मुख्य परिचालन प्रबंधक और सीनियर डीसीएम जोधपुर के रूप में भी काम किया।

श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने उत्तर रेलवे में सीसीएम/आईटी के पद पर कार्य किया तथा क्रिस में भी कार्य किया, जहां उन्होंने परियोजना प्रमुख के रूप में नियंत्रण कार्यालय एप्लीकेशन (सीओए) के कार्यान्वयन एवं एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसके परिणामस्वरूप रेलवे परिचालन का केन्द्र माने जाने वाले नियंत्रण कार्यालयों का ऑटोमेशन हुआ। उन्होंने रेलवे बोर्ड में ईडीपीएम, कोटा मंडल में मंडल रेल प्रबंधक तथा खान मंत्रालय में संयुक्त सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया। औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। सभी मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए श्री जोशी ने अपनी प्राथमिकताएं बताईं। वर्तमान में हमारे सामने अपने ग्राहकों को वास्तविक समय पर प्रतिक्रिया प्रदान करने की चुनौती है, हम सभी को चुनौती से निपटने और प्रश्नों/शिकायतों का समय पर निवारण सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए। हमें संरक्षायुक्त परिचालन भी सुनिश्चित करना चाहिए और जनता में विश्वास पैदा करना चाहिए। उन्होंने समयपालन पर भी बल दिया क्योंकि यह सिर्फ समय सारिणी नहीं है बल्कि यात्रियों को समय पर उनके गंतव्य तक पहुंचाने की हमारी प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि हमें अमृत भारत स्टेशनों और माल ग्राहकों की मांगों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। आगामी कुंभ मेले के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य, नागरिक और मेला प्राधिकारियों के साथ समन्वय में एक टीम के रूप में कार्य करना आवश्यक है।

## उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में बजट आवंटन से सम्बंधित प्रेस वार्ता का आयोजन



दिनांक 24.07.2024 को माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा (ऑनलाइन माध्यम से) रेल बजट में भारतीय रेल के सभी प्रदेशों के लिए बजट आवंटन से संबंधित प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। माननीय मंत्री ने संरक्षा प्रणाली पर जोर देते हुए 'कवच 4.0' वर्जन को एक बड़े बजट के साथ सम्पूर्ण भारतीय रेल में संस्थापित करने की बात कही, ताकि भारतीय रेल में संरक्षा स्तर की बढ़ोतरी में एक नया बेंचमार्क तैयार हो सके। उन्होंने आगे बताया कि भारत के सबसे अधिक जनसँख्या वाले प्रदेश उत्तर प्रदेश को इस बजट में रिकॉर्ड रु.19848 करोड़ आवंटित किया गया है जो 2004 से 2014 के मध्य आबंटित किये जाने वाले रु.1109 करोड़ से 18 गुना अधिक है। उन्होंने बताया की भारतीय रेल में पिछले 10 वर्षों में लगभग 5000 किलोमीटर नयी लाइन बिछायी गयी है, जो स्विट्ज़रलैंड जैसे देशों के सम्पूर्ण रेल नेटवर्क के बराबर है। इसी क्रम में उन्होंने कुम्भ -2025 की तैयारियों तथा योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश में अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित किये जा रहे 157 स्टेशनों के विकास कार्यों की स्थिति के बारे में भी बताया। क्षेत्रीय स्तर पर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी द्वारा उत्तर प्रदेश को आवंटित बजट से सम्बंधित विस्तृत जानकारी उपस्थित मीडिया बंधुओं को उपलब्ध करायी गयीं।

## मुख्यालय में स्वास्थ्य वार्ता आयोजित



केंद्रीय चिकिसालय उत्तर मध्य रेलवे और इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल, नई दिल्ली के तत्वावधान में कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी विषय पर महाप्रबंधक श्री रविंद्र गोयल के मुख्य आतिथ्य में एक स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन किया गया। आईपी अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ सलाहकार कार्डियोलॉजी डॉ. के.के सक्सेना ने 'जीवन शैली प्रबंधन और हृदय रोग की रोकथाम' विषय पर बात की। आईपी अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ सलाहकार नेफ्रोलॉजी डॉ. डी.के. अग्रवाल ने 'अपनी किडनी को जानें' विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। अतिथि वक्ताओं को महाप्रबंधक ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में सभी प्रधान विभागाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं मुख्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

समापन सत्र में महाप्रबंधक ने नियमित स्वास्थ्य जांच, व्यायाम और दैनिक जीवन में तनाव के प्रबंधन का संदेश दिया।

## निदेशक डीएफसीसीआईएल (परिचालन और व्यवसाय विकास) द्वारा न्यू मनौरी स्टेशन का निरीक्षण



दिनांक 17.04.24 को श्री शोभित भटनागर निदेशक डीएफसीसी आईएल (परिचालन और व्यवसाय विकास) ने प्रयागराज (पश्चिम) के न्यू मनौरी स्टेशन का निरीक्षण किया। जहाँ उन्होंने स्टेशन मास्टर के वीडियो पैनल पर उपलब्ध सभी कार्यों की जांच की, साथ ही सहायक ट्रांसफार्मर आपूर्ति की उपलब्धता, रिले हट रूम खोलने, क्रैंक हैंडल कुंजी जारी करने आदि के संकेत देने वाले उपकरणों की भी जांच की।

उन्होंने स्टेशन मास्टर के वीडियो पैनल पर उपलब्ध सभी इंडिकेशन दिखने वाले एमर्जेन्सी काउंटर्स, सुरक्षा उपकरण की जांच की और सहायक ट्रांसफार्मर आपूर्ति की उपलब्धता, रिले हट रूम खोलने, क्रैंक हैंडल कुंजी आदि के संकेत दिखाने वाले ऑपरेशन्स का जायजा लिया।

## डीएफसी डायरेक्टर द्वारा प्रयागराज से डीडीयू यूनिट तक निरीक्षण



डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर (डीएफसी) लाइन पर मालगाड़ियों से कोयला की सर्वाधिक ढुलाई के लिए एनसीआर के महाप्रबंधक रविंद्र गोयल व डीएफसी के डायरेक्ट ओपी एंड बीडी शोभित भटनागर ने प्रयागराज से लेकर डीडीयू यूनिट तक व्यवस्था देखी। लोको पायलटों के रनिंग रूम की सुविधा परखी और खामियों को दूर करने का निर्देश दिए। विशेष निरीक्षण यान से उन्होंने करछना, ऊंचडीह में मेजा ऊर्जा थर्मल पावर और पावर की क्षमता परखी। इसके बाद वे चुनार डीएफसी लाइन पर पहुंचे। यहां विश्वनाथ पुरी स्टेशन से डगमगपुर के जुड़ाव की व्यवस्था का जायजा लिया। फिर डीडीयू तीसरी लाइन का जायजा लेते हुए पीडीडीयू यार्ड पहुंचे।

यहां अधिकारियों संग बैठक की और विभिन्न गतिविधियों के बारे में मंथन किया गया। इस दौरान पीसीओएम श्री शरद चंद्रयान, सीजीएम प्रयागराज श्री ए.बी. शरण, सीजीएम डीडीयू श्री अतुल कुमार, एजीएम श्री श्रवण कुमार, एजीएम श्री मनु प्रकाश दुबे, डिप्टी सीपीएम श्री जे.के. सिंह, यशपाल आदि थे।

## सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड वार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



दिनांक 21.04.2024 को केंद्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज में सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, प्रयागराज का वर्ष 2023-24 का वार्षिक निरीक्षण का कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ उप आयुक्त व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सत्य प्रकाश शर्मा द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। उन्होंने ब्रिगेड सदस्यों द्वारा आयोजित परेड का निरीक्षण करते हुए सलामी ली।

इस दौरान वित्तीय वर्ष में ब्रिगेड द्वारा किए गये कार्यों पर एक भव्य प्रदर्शनी लगाई गई जिसका उद्घाटन कोर कमांडर (प्रशासन) श्री एम. के. कुलश्रेष्ठ द्वारा किया गया। उन्होनें अपने संबोधन में ब्रिगेड के कार्यों की सराहना करते हुए ब्रिगेड के स्वयंसेवकों की प्रसंशा की।



*''पवित्रता के बिना एकाग्रता का कोई मूल्य नहीं है।'' - स्वामी शिवानन्द*

## महिला कल्याण संगठन द्वारा रेल कर्मी सम्मानित



अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 02.05.2024 को उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, प्रयागराज की ओर से उत्तर मध्य रेलवे के मुख्यालय में आयोजित समारोह में 20 वर्ष या अधिक वर्षों से कार्यरत ऐसे ईमानदार, समर्पित और मेहनती ग्रुप-डी रेलवे कर्मचारियों, जिन्होंने अपने कार्यों में उत्कृष्ट योगदान दिया है एवं साथ-ही-साथ समय-समय पर संगठन के कार्यों में सहयोग देने वाले 38 कर्मचारियों को संगठन की अध्यक्षा श्रीमती शिखा गोयल द्वारा व्यक्तिगत उपहार से सम्मानित किया गया।

## 11 रेलकर्मी संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित



दिनांक 09.04.2024 को मार्च माह के लिए महाप्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, श्री रविन्द्र गोयल, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, श्री मनीष कुमार गुप्ता एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए झाँसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित 11 रेल कर्मचारियों को महाप्रबन्धक महोदय के द्वारा संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए।

सुश्री प्रियंका देवी महिला कांस्टेबल सूबेदारगंज को मार्च, 2024 की सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## महाप्रबन्धक ने प्रदान किए संरक्षा पुरस्कार



दिनांक 09.07.2024 को जून माह के लिए महाप्रबन्धक, श्री अशोक कुमार वर्मा द्वारा प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, एवं विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए तीनों मण्डलों से चयनित 7 रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। श्री वेद प्रकाश तिवारी, को जून, 2024 के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## महानिरीक्षक/रेलवे सुरक्षा बल ने किया जवान को सम्मानित



महानिरीक्षक सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त /रेलवे सुरक्षा बल /उत्तर मध्य रेलवे श्री अमिय नन्दन सिन्हा के द्वारा आरपीएफ पोस्ट प्रयागराज पर तैनात सहायक उप निरीक्षक श्री संजय कुमार रावत को यात्री की जान बचाने हेतु पुरस्कृत किया गया। श्री रावत ने दिनांक 14-04-2024 को प्रयागराज स्टेशन पर चलती गाड़ी में चढ़ने के दौरान यात्री के अनियन्त्रित होकर गाड़ी और प्लेटफार्म के बीच में लटक जाने पर सूझ बूझ से यात्री की जान बचाई।

## कार्मिक विभाग के कर्मचारी पुरस्कृत



उत्तर मध्य रेलवे, कार्मिक विभाग,मुख्यालय प्रयागराज में दिनाँक 02.05.2024 को मई माह का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी एवं सर्वश्रेष्ठ अनुभाग पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अनुराग त्रिपाठी उपस्थित रहे। पुरस्कार समारोह में मई माह के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी का पुरस्कार प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रकोष्ठ में कार्यरत श्री सुभाष, सामान्य सहायक, कार्मिक विभाग तथा सर्वश्रेष्ठ अनुभाग का पुरस्कार भंडार अनुभाग, कार्मिक विभाग को प्रदान किया गया।

## कार्मिक विभाग में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित



दिनाँक 04.04.2024 को उत्तर मध्य रेलवे के कार्मिक विभाग में अप्रैल माह का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुरस्कार समारोह में अप्रैल माह के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी का पुरस्कार श्री अरुणेन्द्र कुमार, मुख्य कार्यालय अधीक्षक/कैडर (अराज) एवं सर्वश्रेष्ठ अनुभाग का पुरस्कार आर.पी.सेल, कार्मिक विभाग, मुख्यालय को प्रदान किया गया।

## पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित



उत्तर मध्य रेलवे, कार्मिक विभाग, मुख्यालय प्रयागराज में जून-जुलाई माह का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अनुराग त्रिपाठी द्वारा के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी का पुरस्कार श्री अजय कुमार सिंह, कार्यालय अधीक्षक/एमपीपी एवं टीएडीके, को उनके सराहनीय कार्य के लिए तथा सर्वश्रेष्ठ अनुभाग का पुरस्कार गोपनीय (अराज) अनुभाग को प्रदान किया गया।

## शैक्षिक एवं प्रशिक्षण भ्रमण कार्यक्रम-2024 आयोजित




रेलकर्मियों के कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दिनाँक 05.07.2024 को शैक्षिक एवं प्रशिक्षण भ्रमण कार्यक्रम - 2024 का शुभारम्भ प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अनुराग त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री त्रिपाठी ने कार्मिक विभाग के कर्मचारियों के एक दल को प्रयागराज शहर के पर्यटन स्थलों के भ्रमण हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का आयोजन कर्मचारियों के कौशल विकास, रचनात्मकता, जिज्ञासा एवं सामाजिक सहभागिता को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया।

## मुख्यालय में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 19वीं राज्य कार्यकारणी समिति की बैठक आयोजित




दिनांक 03.05.2024 को उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 19वीं राज्य कार्यकारणी समिति की बैठक उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं राज्य मुख्य आयुक्त श्री वी. के गर्ग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

संस्था के राज्य मुख्य आयुक्त एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री वी.के. गर्ग एवं सभी उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत स्कार्फ पहनाकर किया गया। बैठक का आरम्भ, उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा स्काउट प्रार्थना के साथ किया गया। तदोपरान्त आगरा, प्रयागराज एवं झाँसी जिले द्वारा कमशः वार्षिक रिपोर्ट स्लाइड के माध्यम से प्रस्तुत की गयी।

## सेन्ट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड की पत्रिका 'प्राथमिक स्वास्थ्य संगम' के प्रथम अंक का अनावरण



उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के सेन्ट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड की पत्रिका 'प्राथमिक स्वास्थ्य संगम' के प्रथम अंक का अनावरण संस्था के अतिरिक्त आयुक्त (मेडिकल) व उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक श्री जे. पी. रावत द्वारा केंद्रीय चिकित्सालय के सभागार में  किया गया।

उन्होंने पत्रिका में प्राथमिक चिकित्सा के विभिन्न विषयों के साथ अवसाद, रक्त परीक्षण, आँखों की देखभाल,बच्चों में उल्टी दस्त बुखार, ब्लड प्रेशर, सीपीआर/हृदयघात, हाइपरटेंशन, आस्टियोपोरोसिस सहित सांप बिच्छू और मधुमक्खी काटने, दौरा पड़ने, बिजली का झटका लगने, डूबने, सड़क दुर्घटना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी होने पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होने कहा कि पत्रिका हमारे रेल कर्मचारियों, उनके परिवार व मित्रों के लिए लाभकारी होगी।

## आईआरटीएमटीसी का 40वाँ स्थापना दिवस समारोह आयोजित



भारतीय रेलवे रेलपथ मशीन प्रशिक्षण केन्द्र में संस्थान के 40वें स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर श्री संजय अस्थाना प्रधानाचार्य ने कहाकि यह प्रशिक्षण केंद्र विश्व के तीन और एशिया तथा भारत वर्ष का एकमात्र केंद्र है जहाँ देश के कोने कोने से अभियंता प्रशिक्षण लेने आते हैं। इस परिदृश्य में इस प्रशिक्षण केंद्र की उपयोगिता तीव्र गति से बढ़ रही है। विगत वर्ष में क्षमता से ज्यादा लगभग 136% प्रशिक्षु सभी 16 जोनल रेलवे से प्रयागराज आये जो कि सर्व-कालिक सर्वाधिक संख्या है। इस अवसर पर देश के कोने कोने से आये प्रशिक्षुण ने एक भव्य रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमे तमिल, तेलुगु, उड़िया, मराठी आदि गीतों और लोक संगीतों से उपस्थित जनसमूह को मंत्र-मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर केंद्र के प्रशिक्षुओं ने डॉ इंद्रभान हिमालया के नेतृत्व में अनोखी योग क्रिया भी की।

## समर हॉबी कोर्स का शुभारम्भ



उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, प्रयागराज की ओर से दिनांक 20 मई 2024 से रेलवे अधिकारियों /कर्मचारियों के बच्चों तथा नॉन रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए समर हॉबी कोर्स का शुभारम्भ श्रीमती शिखा गोयल, अध्यक्षा द्वारा किया गया। इस कोर्स की क्लासेस कलरव, रेलगॉव कालोनी, सूबेदारगंज में आयोजित की गयी।

दिनांक 10.06.2024 तक चलने वाले समर हॉबी कोर्स में स्केटिंग, ताइक्वान्डो, आर्ट एवं क्राफ्ट एवं डांस कोर्सेस को प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के द्वारा सिखाया गया। इस अवसर पर संगठन की अन्य सदस्या उपस्थित रहीं।

## राजभाषा विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



महाप्रबंधक श्री रविन्द्र गोयल के निर्देशानुसार और मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री सतेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रचनात्मक सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यालय के राजभाषा विभाग द्वारा क्षेत्रीय रेल स्तर पर हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, हिंदी निबंध लेखन एवं हिंदी वाक् प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

'भारतीय रेल में पर्यावरण संरक्षण के नए आयाम' विषय पर आयोजित हिंदी वाक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भारतीय रेल द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों और योजनाओं पर जैसे विषय में अपने उपयोगी विचार व्यक्त किए तथा रेलवे की कार्यप्रणाली, यात्री सुविधाओं, रेल संचालन सहित राष्ट्रीय जीवन में पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।

## ''विश्व पर्यावरण दिवस'' के अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे में पौधारोपण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिनांक 05 जून 2024 को उत्तर मध्य रेलवे में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इसी क्रम में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय सहित तीनों मण्डलों में 'भूमि पुनर्स्थापना, मरुस्थलीकरण और सूखा प्रतिरोधक क्षमता'' थीम तथा ''हमारी भूमि हमारा भविष्य है'' नारा के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में महाप्रबंधक श्री रविन्द्र गोयल सहित अन्य प्रमुख विभागाध्यक्षों ने उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इसी क्रम में उत्तर मध्य रेलवे की स्काउट एंड गाइड की टीम द्वारा पर्यावरण जागरुकता हेतु नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया।



''मानव की सेवा करना मानव का सर्वप्रथम कर्तव्य है।'' - विनोबा भावे

## 130 वाँ प्रबंधन विकास कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 10.06.2024 से 14.06.2024 के बीच 130वां प्रबंधन विकास कार्यक्रम, बहु-विषयक क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान (यांत्रिक), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर में आयोजित किया गया। बहु-विषयक क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान (यांत्रिक), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर में आयोजित उक्त कार्यक्रम में मुख्यालय उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल, झाँसी मंडल, आगरा मंडल, कारखाना झाँसी तथा कारखाना सिथौली से आए सुपरवाईजरों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन एवं उदघाटन श्री के. आर. चौधरी, मण्डल रेल प्रबन्धक, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर के कर कमलों द्वारा श्री बिमल टोपनों, निदेशक, बहु-विषयक क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान (यांत्रिक), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर की उपस्थिति में हुआ। उक्त कार्यक्रम का समापन श्री बिमल टोपनों की उपस्थिति में सुश्री मनीषा गोयल, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ किया गया।

## भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, राज्य मुख्यालय प्रयागराज द्वारा पायनियरिंग एवं ऐस्टीमेशन कोर्स आयोजित



उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड्स, राज्य मुख्यालय प्रयागराज द्वारा पायनियरिंग एवं ऐस्टीमेशन कोर्स का आयोजन माननीय राज्य मुख्य आयुक्त एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे के अनुमोदनोपरांत दिनांक 19 से 23 जून 2024 तक राज्य प्रशिक्षण केंद्र सूबेदारगंज में किया किया गया।

इस कोर्स में लाठी, रस्सी, बल्ली, बांस से बनने वाले प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी गई। कैंप के दौरान कैंप फायर तथा रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस कोर्स में प्रतिभा करने के लिए सभी जिलों एवं राज्य से मिलाकर 93 सदस्य उपस्थित रहे। सर्वधर्म प्रार्थना के पश्चात इस कैंप का समापन किया गया।

## पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय द्वारा पौधारोपण



पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, प्रयागराज की ओर से अध्यक्षा श्रीमती शिखा गोयल द्वारा रेलगांव कालोनी, सूबेदारगंज के पार्क संख्या-04 (दादा-दादी, नाना-नानी पार्क) में बड़े पैमाने पर पौधारोपण (Tree Plantation drive) किया गया।

इस मौके पर संगठन की कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षा महोदया द्वारा संबंधित स्टाफ को निर्देशित किया गया कि किये गये वृक्षारोपण का देखभाल अवश्य करें।

## क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित



दिनांक 27 जून 2024 को मुख्यालय में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक महाप्रबंधक श्री रविन्द्र गोयल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शामिल अधिकारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक श्री रविन्द्र गोयल ने कहा कि स्टेशनों पर यात्री एवं ग्राहक सेवा और सुविधाओं से संबंधित सूचनाओं तथा अन्य सभी मदों, विशेष रूप से सभी इलेक्ट्रानिक डिस्प्ले सूचनाओं, कोच गाइडेंस सिस्टम आदि में हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं का अनिवार्य रूप से प्रयोग किया जाए तथा इन्हें किसी भी स्थिति में केवल अंग्रेजी में न प्रदर्शित किया जाए।

महाप्रबंधक श्री गोयल ने हाल ही में भुसावल में रेलवे बोर्ड स्तर पर आयोजित अखिल रेल हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता तथा हिंदी निबंध प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त करने वाले उत्तर मध्य रेलवे के कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि हमारे कर्मचारियों ने इन उपलब्धियों को अर्जित कर अपनी गौरवशाली परंपरा को बनाए रखा है। बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक श्री रविन्द्र गोयल ने मुख्यालय की त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका 'रेल संगम' के भंडार विभाग विशेषांक का विमोचन किया।

## केंद्रीय चिकित्सालय में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस आयोजित



केंद्रीय चिकित्सालय में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर सेमिनार एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. एस. पी. शर्मा ने जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता की। नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस 2024 का विषय है 'साक्ष्य स्पष्ट है: रोकथाम में निवेश करें'। जागरूकता बढ़ाएँ: नशीली दवाओं के दुरुपयोग के नुकसान को कम करने वाली रोकथाम रणनीतियों की प्रभावशीलता और लागत-प्रभावशीलता की समझ विकसित करें।

## महिला कल्याण संगठन द्वारा आयोजित समर हॉबी कैम्प सम्पन्न



उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, प्रयागराज की ओर से आयोजित समर हॉबी कैम्प दिनांक 10.06.2024 को सम्पन्न हो गया। लगभग 21 दिनों तक चलने वाले समर हॉबी कैम्प में कुल 176 बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर संगठन की अध्यक्षा श्रीमती शिखा गोयल द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर समर कैम्प में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किये गये। इस अवसर पर संगठन की सचिव श्रीमती ऋचा वर्मा, श्रीमती सुप्रिया सिन्हा, श्रीमती ज्योति सिन्हा, श्रीमती कल्पना अग्रवाल, श्रीमती राखी जैन, श्रीमती रेणु पोनिया, श्रीमती राजेनी चन्द्रायन एवं श्रीमती नीलम कुमार उपस्थित रहीं।

*''आत्मविश्वास और आशा ही वस्तुएं हैं, जो हमारी शक्तियों को जागृत करते हैं।'' - स्वेट मार्डेन*

## 'भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 133वाँ जन्म दिवस समारोह आयोजित



दिनांक 15.04.2024 को मुख्यालय में 'भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 133वाँ जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर श्री रविन्द्र गोयल, महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज ने सर्वप्रथम बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात उपस्थित सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा कि बाबा साहब के जीवन से हमें इस बात की प्रेरणा मिलती है कि हम अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें तथा सच्चाई का अनुसरण कर समाज सेवा करते रहें। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशा. सहित सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं रेलकर्मी उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय रेल समपार जागरूकता दिवस के अवसर पर संरक्षा जागरूकता के लिए रवाना की मोबाइल वीडियो वैन



दिनांक 06 जून 2024 को अंतर्राष्ट्रीय रेल समपार जागरूकता दिवस (ILCAD) के उपलक्ष्य पर, महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री रविन्द्र गोयल ने प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी तथा अन्य विभागाध्यक्षों के साथ समपारों के बारे में संरक्षा जागरूकता प्रसारित करने के लिए एक मोबाइल वीडियो वैन को हरी झंडी दिखाकर उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय से रवाना किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री गोयल ने कहा कि मोबाइल वीडियो वैन के माध्यम से सड़क उपयोगकर्ताओं को लेवल क्रॉसिंगों की महत्ता एवं सुरक्षा सावधानियों के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बंद रेल फाटकों को पार करते समय सभी को सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि एक छोटी सी चूक कभी-कभी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। उन्होंने इसी क्रम में रेल समपारों के उन्मूलन, गेटों की इंटरलॉकिंग, तथा आरओबी/आरयूबी के निर्माण पर भी बल दिया।

## महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे द्वारा बोड़ाकी, न्यू खुर्जा और न्यू दादरी स्टेशन का निरीक्षण



दिनांक 26.06.2024 को उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री रविंद्र गोयल ने ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के न्यू बोड़ाकी, न्यू खुर्जा और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के न्यू दादरी स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री रविंद्र गोयल द्वारा वृक्षारोपण गतिविधि भी की गई। महाप्रबंधक ने आईसीडी साइडिंग और डीएफसीसीआईएल को नई उपलब्धियां हासिल करने के लिए हार्दिक शुभकामनसएं और पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है।

## विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 14.06.2024 को केंद्रीय चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हर साल, विश्व रक्तदाता दिवस रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और अधिक लोगों से रक्तदान करने के लिए आग्रह करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है '20 साल का जश्न मनाने का: धन्यवाद रक्तदाताओं!',

डॉ. एस. के हांडू ने जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य देखभाल संगठनों के लिए स्वस्थ रक्त की निरंतर आपूर्ति में मदद करने के लिए रक्तदान करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदाताओं का पंजीकरण भी किया गया।

## डीएफसीसीआईएल के प्रबंध निदेशक द्वारा प्रयागराज स्थित परिचालन नियंत्रण केंद्र का निरीक्षण



डीएफसीसीआईएल के प्रबंध निदेशक श्री रविंद्र कुमार जैन ने 18.07.2024 को प्रयागराज स्थित परिचालन नियंत्रण केंद्र का निरीक्षण किया। ऑपरेशन कण्ट्रोल सेंटर निरीक्षण के दौरान प्रबंध निदेशक ने कार्य प्रगति की प्रशंसा की। उन्होंने सभी को उनकी दिन-प्रतिदिन की नई उपलब्धियों के लिए बधाई भी दी।

इस दौरान ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की कमीशनिंग यात्रा पर चर्चा की गई। न्यू खुर्जा जंक्शन से साहनेवाल (लुधियाना) तक सिंगल लाइन सेक्शन की कमीशनिंग, बचे हुए कार्यों पर भी चर्चा की गई और उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने की सलाह दी गई। प्रबंध निदेशक डीएफसीसीआईएल ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि परिकल्पित डीएफसी ने रेलवे पटरियों पर भीड़भाड़ कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जो कुंभ 2025 में भारतीय रेलवे ट्रैक पर भीड़भाड़ कम करने में सहायक होगा तथा भारतीय रेलवे को अपनी यात्री रेलगाड़ियों को समय पर चलाने में सहायता प्रदान करेगा।

## क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित




दिनांक 02.04.2024 को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक श्री रविन्द्र गोयल की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शामिल अधिकारियों को संबोधित करते हुए श्री रविन्द्र गोयल ने राजभाषा हिंदी के उत्कृष्ट प्रयोग- प्रसार के लिए इस वर्ष उत्तर मध्य रेलवे को रेल मंत्री राजभाषा ट्राफी प्राप्त होने पर अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि हमारे रेलकर्मियों के सामूहिक और सम्मिलित योगदान का प्रतिफल है। बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक श्री रविन्द्र गोयल ने मुख्यालय की त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका 'रेल संगम' के यांत्रिक विभाग विशेषांक का विमोचन किया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 21.06.2024 को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 'स्वयं एवं समाज के लिए योग' की थीम के साथ पूरे उत्तर मध्य रेलवे में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसी थीम पर उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के रेलगाँव परिसर सूबेदारगंज स्थित बैडमिंटन हॉल में योग कार्यशाला का आयोजन किया गया।

महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे श्री रविन्द्र गोयल के नेतृत्व एवं अध्यक्षा, उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन श्रीमती शिखा गोयल की उपस्थिति में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक महोदय एवं अध्यक्षा, उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन का प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे श्री अनुराग त्रिपाठी द्वारा पौधा देकर स्वागत किया गया।

महाप्रबंधक महोदय ने दीप प्रज्जवलित कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग कार्यशाला का शुभारम्भ किया।

इसके उपरांत प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक सुश्री अनुपमा सिंह के मार्गदर्शन में योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कॉमन योग प्रोटोकॉल-45 मिनट के कार्यक्रम के अनुसार प्रार्थना, चालन क्रिया, योग आसन, कपालभांति, प्राणायाम, ध्यान एवं संकल्प का अभ्यास योग प्रशिक्षक द्वारा कराया गया।

इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जागरूकता सेमिनार आयोजित



केंद्रीय चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज में 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के उपलक्ष्य में एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका 2024 का विषय 'It's Time for Action', "यह कार्रवाई का समय है"। इस सेमिनार में डॉ. रोहित कुमार ने वायरल हेपेटाइटिस के वैश्विक और स्थानीय प्रभावों पर गहराई से प्रकाश डाला। इसे मेडिकल डायरेक्टर डॉ. एस.के. हांडू, मुख्य मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. एस.पी. शर्मा, डॉ. कल्पना मिश्रा, एसीएचडी (प्रशासन), और डॉ. रीना अग्रवाल, एसीएमएस/पीआरवाईजे के प्रतिष्ठित नेतृत्व में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिससे हेपेटाइटिस की समझ और जागरूकता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई।

डॉ. कुमार ने यकृत की महत्वपूर्ण भूमिकाओं और हेपेटाइटिस के विभिन्न स्रोतों जैसे कि वायरस और अल्कोहल से होने वाली बीमारियों पर जोर दिया, जिसमें पांच मुख्य प्रकारोंः ए, बी, सी, डी और ई की पहचान की गई। उन्होंने भारत में हेपेटाइटिस बी और सी के साथ जुड़ी चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला और 2030 तक इस बीमारी को खत्म करने के लिए राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के लक्ष्यों पर बल दिया।

## स्थायी वार्ता तंत्र की दो दिवसीय बैठक आयोजित



उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय प्रयागराज में दिनाँक 11.07.2024 एवं 12.07.2024 को जोनल स्तर पर एनसीआरईएस के साथ स्थायी वार्ता तंत्र की दो दिवसीय बैठक का आयोजन अरावली सभागार में किया गया। बैठक के प्रथम दिन महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार वर्मा द्वारा उत्तर मध्य रेलवे के योग्य, जिम्मेदार व कर्मठ रेल कर्मियों द्वारा रेल यात्रियों के लिए सुरक्षित व संरक्षित माहौल बनाये रखने हेतु उत्कृष्ट प्रदर्शन को रेल परिवार के लिए गौरव की बात बताया। इसी क्रम में कर्मचारी हित में किए गए कार्यो एवं जोन की उपलब्धियों के विषय में बताते हुए विगत वर्ष के दौरान किये गए उत्कृष्ट कार्यो हेतु सभी कर्मठ एवं ईमानदार रेल कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए NCRES द्वारा रेल प्रशासन को दिए जा रहे सहयोग की प्रशंसा भी की। इस अवसर पर समस्त विभागाध्यक्ष के साथ श्री वी.जी. गौतम, अध्यक्ष/एनसीआरईएस एवं श्री आर.पी.सिंह, महामंत्री/ एनसीआरईएस तथा मुख्यालय सहित, तीनों मंडलों एवं कारखानों से आए यूनियन प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

## श्री बृजेन्द्र कुमार हमारे प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक



भारतीय रेल यातायात सेवा के 1994 बैच के अधिकारी श्री बृजेन्द्र कुमार ने प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे का कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वह मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/भाड़ा विपणन, पश्चिम मध्य रेलवे के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने निवर्तमान प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री प्रभात रंजन का मध्य रेलवे में स्थानांतरण के उपरांत यह पदभार ग्रहण किया।

श्री बृजेन्द्र कुमार भारतीय रेलवे के गतिशील अधिकारियों में से एक हैं जिनको रेलवे में परिचालन, संरक्षा और वाणिज्य विभागों में काम करने का व्यापक अनुभव है। इन्होंने अपनी रेल सेवा वर्ष 1996 से सहायक परिचालन प्रबंधक के रूप में झाँसी मण्डल से प्रारंभ की थी।

उन्होंने मध्य रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे में विभिन्न पदों पर काम किया है।

श्री बृजेन्द्र कुमार का कहना है कि उनकी प्राथमिकता यात्री सेवाओं में वृद्धि, व्यापारियों और ग्राहकों को रेलवे के लिए नई लोडिंग को आकर्षित करने और इस तरह रेलवे के राजस्व में वृद्धि करने की होगी।

# उत्तर मध्य रेलवे आफिसर्स स्पोर्ट्स एवं कल्चरल मीट 2024 की झलकियाँ




**उ**त्तर मध्य रेलवे प्रशासन द्वारा खेल को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न खेल तथा सांस्कृतिक स्पर्धाओं का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में दिनांक 19.04.2024 से 20.04.2024 तक को रेलगाँव स्थित स्पोर्ट्स परिसर एवं अधिकारी क्लब, सूबेदारगंज, प्रयागराज में दो दिवसीय 'उत्तर मध्य रेलवे आफिसर्स स्पोर्ट्स एवं कल्चरल मीट 2024' का आयोजन किया गया। इस मीट का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह महाप्रबन्धक उत्तर मध्य रेलवे श्री रविंद्र गोयल की अध्यक्षता एवं उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती शिखा गोयल की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। स्पोर्ट्स एवं कल्चरल मीट 2024 के समापन समारोह में महाप्रबन्धक उत्तर मध्य रेलवे रविंद्र गोयल एवं श्रीमती शिखा गोयल ने सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए । ज्ञात हो कि मुख्यालय के दल ने ओवरॉल उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सांस्कृतिक और स्पोर्ट्स शील्ड प्राप्त की।दो दिन तक चली इस उत्तर मध्य रेलवे स्पोर्ट्स एवं कल्चरल मीट के अन्तर्गत विभिन्न खेल स्पर्धाओं जैसे क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, कैरम, चेस प्रतियोगिताओं एवं एथलेटिक में 3 किलोमीटर की रन फॉर फन, 3 किलोमीटर की वाक रेस, 100 मी. दौड़, आदि के साथ-साथ, बॉक्स क्रिकेट, सैक रेस एवं स्पून रेस आदि का भी आयोजन किया गया।

इसी क्रम में सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं जैसे वाद्य संगीत, गायन, नृत्य, अभिनय के अतिरिक्त पेंटिंग, रंगोली एवं सलाद डेकोरेशन का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान खेले गए क्रिकेट के फाइनल में मुख्यालय ने झाँसी मंडल को 8 विकेट से हरा कर खिताब जीता। इसी प्रकार बॉक्स क्रिकेट के फाइनल में मुख्यालय ने आगरा मंडल को हराकर खिताब जीता। रस्साकशी में भी पुरुष एवं महिला श्रेणियों में खिताब मुख्यालय के नाम रहा।

# प्रयागराज मण्डल

## कार्यकारी निदेशक रेलवे बोर्ड की वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक के साथ बैठक आयोजित



दिनांक 01.04.2024 को रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक श्री अन्शू पाण्डेय की अध्यक्षता में वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (समन्वय)/प्रयागराज एवं परिचालन विभाग के अन्य अधिकारियों तथा पर्यवेक्षकों के साथ बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में प्रमुख रूप से यार्ड की मोबिलिटी को बढ़ाने एवं ट्रेन संचालन में कन्ट्रोलरों एवं स्टेशन मास्टरों की भूमिका और उनकी कार्यशैली पर विस्तृत चर्चा हुयी।

## महाप्रबंधक द्वारा प्रयागराज - कानपुर खण्ड का निरीक्षण



दिनांक 05.04.2024 को महाप्रबंधक श्री रविंद्र गोयल ने प्रयागराज - कानपुर खण्ड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण और कानपुर क्षेत्र का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने कानपुर में न्यू लोको पायलट रनिंग रूम, लोको पायलट मेल रनिंग रूम, ट्रेन मैनेजर रनिंग रूम, टी टी ई रनिंग रूम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के बढ़ते हुए क्रम में महाप्रबंधक ने स्टेशन के रूप में चयनित गोविंदपुरी तथा कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर पुनर्विकास कार्यों का अवलोकन भी किया।

## मण्डल रेल प्रबन्धक द्वारा तेजस का शुभारम्भ




दिनांक 26.04.2024 को मण्डल रेल प्रबन्धक श्री हिमांशु बडोनी ने हरी झंडी दिखाकर तेजस, रोड एआरटी का शुभारंभ किया। श्री बडोनी ने कहा कि मण्डल संरक्षा के उच्च मानकों पर कार्य करता है और यह भारतीय रेल में पहली रोड एआरटी है जो पहियों की लोडिंग और अनलोडिंग की यंत्रकृत प्रणाली से युक्त है।

## मण्डल रेल प्रबंधक द्वारा प्रयागराज-कानपुर खण्ड का निरीक्षण



दिनांक 30.04.2024 को मण्डल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी ने प्रयागराज मण्डल के प्रयागराज-कानपुर खण्ड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के बढ़ते हुए क्रम में मंडल रेल प्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन के रूप में चयनित फतेहपुर स्टेशन, पनकी धाम और गोविंदपुरी रेलवे स्टेशनों का गहनता से निरीक्षण किया। इसी क्रम में उन्होंने जीएमसी यार्ड एवं इलेक्ट्रिक लोको शेड का भी निरीक्षण किया।

## डे-नाइट इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट आयोजित



दिनांक 03 मई 2024 को डीएसए ग्राउंड, प्रयागराज में डे-नाइट इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। दिनांक 03 से 11 मई, 2024 तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। शुभारंभ के अवसर पर मण्डल रेल प्रबन्धक श्री हिमांशु बडोनी एवं प्रयागराज आयुक्त, श्री विजय विश्वास पंत उपस्थित थे।

## योग साधना केंद्र का शुभारम्भ



दिनांक 05.05.2024 को मंडल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी द्वारा मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज कार्यालय के प्रांगण में स्थित मंडल सभागार में भारतीय योग संस्थान द्वारा संचालित किये जा रहे 'निःशुल्क योग साधना केंद्र' का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों ने योगाभ्यास किया तथा योग को अपने जीवन में नियमित अपनाने का प्राण भी लिया। इस अवसर पर मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक का आयोजन



दिनांक 09.05.2024 एवं 10.05.2024 को मंडल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी की अध्यक्षता में प्रयागराज मण्डल के अधिकारियों की उत्तर मध्य रेलवे इम्प्लाइज संघ (एनसीआरईएस) के साथ दो दिवसीय पीएनएम बैठक आयोजित हुई। बैठक में 100 से अधिक विषयों पर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में एनसीआरईएस के प्रयागराज, कानपुर, शंकरगढ़, और टूंडला में कार्यरत पदाधिकारियों ने भागीदारी की।

## महिला खिलाड़ी ने एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीता



प्रयागराज मण्डल की महिला खिलाड़ी छवि यादव ने भुवनेश्वर में आयोजित नेशनल फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 में 3000 मीटर के स्टीपलचेज में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता। छवि यादव मण्डल के कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर उप मुख्य टिकट निरीक्षक पद पर कार्यरत हैं। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक/प्रयागराज, श्री हिमांशु बडोनी सहित अन्य अधिकारियों ने छवि यादव को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



*"अभ्यास से ही मनुष्य सम्पूर्ण बनता है।" - अज्ञात*

## महाप्रबंधक द्वारा प्रयागराज-मानिकपुर रेल खंड का निरीक्षण



दिनांक 17.07.2024 को महाप्रबंधक श्री उपेंद्र चंद्र जोशी द्वारा मंडल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी के साथ प्रयागराज-मानिकपुर रेल खंड का निरीक्षण किया गया। श्री जोशी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चयनित मानिकपुर ज. स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान श्री जोशी ने लोको पायलट/गार्ड रनिंग रूम का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध सुविधाओं एवं रनिंग रूम के रखरखाव को उत्कृष्ट रखने के निर्देश दिए।

## स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक आयोजित



दिनांक 14.06.2024 को प्रयागराज मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक, श्री हिमांशु बडोनी की अध्यक्षता में प्रयागराज मण्डल के अधिकारियों की उत्तर मध्य रेलवे मेंस यूनियन के पदाधिकारियों के साथ दो दिवसीय पी.एन.एम बैठक का आयोजन किया गया। श्री बडोनी ने कहा कि यूनियन द्वारा बताए गए विषयों पर अधिकारियों के सहयोग से शीघ्र अतिशीघ्र समाधान दे दिया जाएगा।

## मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित



दिनांक 19.06.2024 को मण्डल रेल प्रबन्धक श्री हिमांशु बडोनी की अध्यक्षता में मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपने क्षेत्र से सम्बंधित मुद्दे बताए। श्री हिमांशु बडोनी ने मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदयों को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों पर शीघ्र ही समाधान दे दिया जाएगा।

## अंतराष्ट्रीय योग दिवस आयोजित



दिनांक 21.06.2024 को मंडल रेल प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी ने 10वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस वर्ष मनाए जा रहे 10वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' थी। मंडल रेल प्रबंधक/प्रयागराज, श्री हिमांशु बडोनी ने इस कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए कहा कि रेलवे कर्मचारियों को संरक्षित तरीके से कार्य करना होता है जिसके लिए शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन तनाव मुक्त होना आवश्यक है इसके लिए योग एक सरल माध्यम है।

## महाप्रबंधक द्वारा प्रयागराज-पं. दीन दयाल उपाध्याय खंड का निरीक्षण



अमृत स्टेशन के रूप में चयनित प्रयागराज छिवकी, विंध्याचल, मिर्जापुर एवं चुनार स्टेशनों के विकास कार्यों का निरीक्षण दिनांक 20 जुलाई 2024 को महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे, श्री उपेंद्र चन्द्र जोशी ने किया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक द्वारा प्रयागराज-पं. दीन दयाल उपाध्याय खण्ड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत इन स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी महाप्रबंधक द्वारा ली गई। स्टेशनों के निरीक्षण के उपरांत महाप्रबंधक ने प. दीन दयाल उपाध्याय में रनिंग रुम का उद्घाटन किया और वृक्षारोपण भी किया।

## सिविल प्रशासन के साथ समन्वय बैठक आयोजित



दिनांक 20.06.2024 को मंडल रेल प्रबंधक, श्री हिमांशु बडोनी की अध्यक्षता में कुंभ मेला-2025 की तैयारी के लिए प्रयागराज मंडल की सिविल प्रशासन के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान मेला प्रशासन द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से निर्माण कार्य और कुंभ मेला के दौरान भीड़ प्रबंधन की विस्तृत जानकारी साझा की गयी।

## संरक्षा संगोष्ठी आयोजित



दिनांक 21.06.2024 को संरक्षित संचालन एवं तनावमुक्त जीवन शीर्षक के तहत प्रयागराज लॉबी में मासिक संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के साथ मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। संगोष्ठी में 13 मुख्य लोको निरीक्षक एवं 74 रनिंग कर्मियों ने भाग लिया।

## प्रयागराज मंडल को ऊर्जा संरक्षण के लिये ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी से मिला प्रमाणपत्र



दिनांक 20.06.2024 को प्रयागराज मण्डल द्वारा स्थापित उत्कृष्ट एवं स्वच्छ ऊर्जा निर्माण के लिए उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक कार्यालय परिसर स्थित तीन कार्यालय भवनों-पावर हाउस, गंगा ब्लॉक एवं सरस्वती ब्लॉक को ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी द्वारा प्रतिष्ठित 'शून्य प्लस' और 'शून्य' लेबल से प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

# झाँसी मण्डल

## 25वीं स्थाई वार्ता तन्त्र की बैठक आयोजित



दिनांक 10 एवं 12.04.2024 को रेलवे अधिकारियों तथा मंडल की मान्यता प्राप्त यूनियन एन.सी.आर.ई.एस. के मध्य 25वीं स्थाई वार्ता तन्त्र का सफल आयोजन मंडल रेल प्रबन्धक श्री डी.के. सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान मंडल रेल प्रबन्धक ने मंडल के विकास कार्यों के बारे में अवगत कराया।

## भारत रत्न बाबा साहब का जन्म दिवस समारोह आयोजित



दिनांक 15.04.2024 को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 133वाँ जन्म दिवस मंडल रेल प्रबन्धक श्री दीपक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में रेलवे अधिकारीगण, यूनियन व एसोसिएशन के पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। श्री सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब के आदर्शों को अपनाते हुये जीवन में उनके सिद्धांतों को ढालना होगा, यही उनके प्रति हमारा सच्चा सम्मान अर्पण होगा।

## 08 व्हीलर नई टावर वैगन का शुभारम्भ



दिनांक 29.04.2024 को वीरांगना लक्ष्मी बाई स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक श्री डी.के. सिन्हा ने 08 व्हीलर नई टावर वैगन का शुभारम्भ किया। यह टावर वैगन ओएचई पैरामीटर के मेजरमेंट, खराब उपकरणों को पकड़ने, क्षतिग्रस्त ओएचई ठीक एवं उपकरणों की पुनर्स्थापना करने, मास्ट लगाने, केटेनरी व कांटेक्ट में तार बिछाने के साथ चालू लाइन में भी निरीक्षण करने में सक्षम होंगे।

## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-खैरार-भीमसेन रेल खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण



दिनांक 01.05.2024 को मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-खैरार-भीमसेन रेल खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने हरपालपुर, महोबा, खैरार, रागौल, भरुआसुमेरपुर, घाटमपुर तथा भीमसेन स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने उक्त रेल खंड पर चल रहे दोहरीकरण कार्य की समीक्षा की तथा स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का जायजा भी लिया।

## संरक्षा सेमिनार आयोजित



दिनांक 03.05.2024 को मंडल रेल प्रबंधक, श्री दीपक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में रेलवे वर्कशॉप ऑडिटोरियम में 'वर्क साईट सेफ्टी' विषय पर आधारित संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के संरक्षा से जुडे लगभग 100 कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों एवं अधिकारियों ने भाग लिया।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित



दिनांक 03 मई 2024 को मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति झांसी की 73वीं बैठक मंडल रेल प्रबंधक के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में झांसी नगर स्थित विभिन्न केन्द्रीय कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति पर विस्तृत चर्चा हुई।

## महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे द्वारा झाँसी निरीक्षण



दिनांक 22.06.2024 को महाप्रबंधक श्री रविन्द्र गोयल द्वारा अपने दो दिवसीय दौरा कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा सहित अन्य शाखा अधिकारियों के साथ संरक्षा एवं समय पालनता को लेकर सघन बैठक की गई। इस दौरान यात्री गाड़ियों को और समयबद्ध रूप से संरक्षा के साथ संचालन पर विस्तृत चर्चा हुई। आगे के दौरा कार्यक्रम के अंतर्गत श्री गोयल ने झाँसी-महोबा रेलखंड के मध्य 'विंडो ट्रेलिंग' निरीक्षण किया।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 05.06.2024 को मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर झाँसी मंडल में 'भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापन' थीम पर आधारित पर्यावरण संरक्षण हितैषी विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए।

कार्यक्रम की शुरुआत मंडल रेल कार्यालय झाँसी में श्री सिन्हा द्वारा शाखा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षा की शपथ दिलाकर की गयी। तत्पश्चात मंडल रेल प्रबंधक द्वारा मंडल कार्यालय में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी को प्रेरित किया गया।



''मनुष्य को स्वयं पर अधिकार रखना चाहिये'' - अज्ञात

## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा धौलपुर-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलखंड का निरीक्षण



दिनांक 15.06.2024 को मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा मण्डल के धौलपुर-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलखंड का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान श्री सिन्हा ने ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर आयोजित संरक्षा सेमिनार की अध्यक्षता की। इस दौरान मंडल के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारीगण, पर्यवेक्षक व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 21.06.2024 को, 'स्वयं और समाज के लिए योग' की थीम पर झाँसी मंडल में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस क्रम में मुख्य कार्यक्रम के रूप में मंडल के सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट में मंडल रेल प्रबन्धक श्री दीपक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संरक्षा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



दिनांक 01.07.2024 को मंडल रेल प्रबंधक झाँसी श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा संरक्षित रेल संचालन एवं सतर्कता, सजगता, संरक्षा, जागरूकता पूर्वक कार्य करने तथा गाड़ी संचालन के दौरान पायी गयी अनियमितताओं पर त्वरित कार्यवाही कर रेल संचालन को संरक्षित करने जैसे उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्मचारी को संरक्षा प्रशस्ति-पत्र तथा नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## प्रेस वार्ता आयोजित



दिनांक 12.07.2024 को मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलट रेलवे का एक बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा हैं एवं रेलवे द्वारा रनिंग रूम में इनके विश्राम हेतु सभी सुविधायें प्रदान की गयीं है, जिससे वे गुणवत्ता पूर्ण विश्राम ले सके तथा ताज़ा होकर अपने अगली पाली में संरक्षपूर्ण रेल संचालन कर सकें। इसके अतिरिक्त रनिंग रूम में योग, क्वालिटी रेस्ट हेतु आरामदायक वातानुकूलित कक्ष, संलग्न शौचालय, महिला कर्मी हेतु अलग कक्ष, नियमित परिवार संरक्षा संगोष्ठी, नियमित स्वास्थ्य शिविर आदि आयोजित कराये जाते हैं।

## महाप्रबंधक द्वारा मानिकपुर से वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेल खंड का निरीक्षण



दिनांक 17.07.2024 को महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री उपेंद्र चंद्र जोशी द्वारा मानिकपुर से वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेल खंड का निरीक्षण किया गया। श्री उपेंद्र चंद्र जोशी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास हेतु चयनित चित्रकूट धाम कर्वी, बांदा, महोबा, हरपालपुर और ओरछा स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया गया तथा प्रगतिशील कार्य की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान मुख्यालय से प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री एस.सी. जैन, अपर मण्डल रेल प्रबंधक/इंफ्रा श्री विवेक मिश्रा सहित अन्य विभागों के अधिकारी, निरीक्षक एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## बजट आवंटन से संबंधित प्रेस वार्ता आयोजित



दिनांक 24.07.2024 को माननीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव द्वारा (ऑनलाइन माध्यम से) रेल बजट में भारतीय रेल के सभी प्रदेशों के लिए बजट आवंटन से संबंधित प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। माननीय रेल मंत्री महोदय ने क्षेत्रीय स्तर पर आवंटन के बारे में जानकारी प्रदान की, जिसमें मंडल रेल प्रबंधक झाँसी श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा मंडल को आवंटित बजट से सम्बंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयीं।

## राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष द्वारा रेलवे क्षेत्र का दौरा



दिनांक 24.07.2024 को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती अंजना पंवार ने रेलवे क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय सभागार झाँसी में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रीमती अंजना पवार उपाध्यक्षा राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग ने मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा और सभी संबंधित अधिकारियों एवम् कर्मचारियों की उपस्थिति में बैठक की। जिसमें हाउस कीपिंग सहायकों की सुविधाओं को और बेहतर करने हेतु विचार विमर्श किया गया। उनके सभी हितों को गंभीरता से लेने पर जोर दिया गया।

श्रीमती अंजना पवार ने सफाई कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाएं जैसे ड्रेस भत्ता आदि तथा प्रत्येक माह के पहले हफ्ते के अन्दर वेतन का भुगतान, छुट्टी आदि सभी सुविधाओं पर निरंतर ध्यान देने हेतु प्रशासन के सामने बात रखी और उपस्थित कर्मचारियों से वेतन भुगतान सम्बंधित संतोषजनक फीडबैक प्राप्त किया। इस दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) श्री विवेक मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कुलदीप स्वरुप मिश्र सहित अन्य निरीक्षक व स्टेशन तथा चिकित्सालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में कार्यरत हाउसकीपिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

*''आत्मविश्वास और आशा ही वस्तुएं हैं, जो हमारी शक्तियों को जागृत करते हैं।'' - स्वेट मार्डेन*

# आगरा मण्डल

## फ्लैग ऑफ़ कर कर्मचारी शिविर रवाना




उत्तर मध्य रेलवे आगरा मण्डल की कर्मचारी हित निधि से केरल-भ्रमण (कोच्चि, मुन्नार, अल्लेपी, कोवलम आदि) कर्मचारी शिविर/कैम्प का (दिनांक-01-04-2024 से 07-04-2024 तक) का आयोजन किया गया। इस शिविर/कैम्प में कुल 53 कर्मचारी ने भाग लिया। दिनांक-01-04-2024 को मण्डल रेल प्रबन्धक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा केरल-भ्रमण हेतु कर्मचारी शिविर/कैम्प आगरा से फ्लैग ऑफ़ कर रवाना किया गया।

## अमृत स्टेशन के रूप में चयनित स्टेशनों का निरीक्षण



दिनांक 11.04.2024 को मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल ने आगरा मंडल के अमृत स्टेशन होडल, कोसीकलां, भूतेश्वर रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री अग्रवाल ने स्टेशनों पर चल रहे निर्माण कार्यो का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अझई-छाता खंड के समपार फाटक संख्या-538 पर बन रहे आरओबी, भूतेश्वर स्टेशन, कोसीकलां स्टेशन तथा होडल स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफार्म तथा प्रवेश द्वार, गुड्स शेड का बारीकी से निरीक्षण किया एवं यात्री सुविधाओं का जायजा लिया एवं इस विषय में अधिकारियों से मास्टर प्लान पर चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## दिव्यांग बच्चों को रेलवे रियायत कार्ड वितरण



दिनांक 25.04.2024 को बौद्धिक दिव्यांग संस्थान (टीयर्स) शास्त्रीपुरम सिकंदरा में कैंप लगाकर करीब 150 छात्र-छात्रों को दिव्यांग रेलवे रियायत कार्ड बनवाकर उन्हें वितरित किये गये। इस कार्ड से रेल यात्रा के दौरान उन्हें किसी परेशानी का सामना नहीं करने पड़ेगा। दिव्यांग यात्रियों की सुविधा में वृद्धि हेतु उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल की यह अनूठी पहल है।

## रेलवे बोर्ड अध्यक्ष और सीईओ द्वारा पलवल-वृन्दावन रोड खंड के बीच 'कवच' का परीक्षण



दिनांक 14.05.2024 को रेलवे बोर्ड अध्यक्ष और सीईओ श्रीमती जया वर्मा सिन्हा ने आगरा मंडल के पलवल-वृन्दावन रोड खंड के स्टेशनों के बीच 'कवच' का परीक्षण किया।

## वाणिज्य विभाग के साथ बैठक आयोजित



दिनांक 28.05.2024 को मंडल रेल प्रबंधक, आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल की अध्यक्षता में वाणिज्य विभाग के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने वाणिज्य विभाग के द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी लोंगो को एक टीम भावना के साथ कार्य को करना चाहिए।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस आयोजित



दिनांक 31.05.2024 को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर ब्रह्माकुमारी संस्था ईदगाह द्वारा आगरा कैंट स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। ब्रह्माकुमारी संस्था के सदस्यों द्वारा प्रदर्शनी लगाकर लोगों को जागरूक किया गया व व्यसन मुक्त रहने की सलाह दी गयी।

## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा भांडई- उदीमोड़ खंड का निरीक्षण



दिनांक 31.05.2024 को मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा भांडई - उदीमोड़ रेल खंड का निरीक्षण किया गया। अमृत स्टेशन योजना में चयनित फतेहाबाद एवं उदीमोड़ रेलवे स्टेशनों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं, सर्कुलेटिंग एरिया, स्टेशन रिकॉर्ड का निरीक्षण किया एवं स्टेशन पर ऑन ड्यूटी स्टेशन प्रबंधक से कार्य शैली के बारे में जानकारी ली।

## बाबा साहब का 133वाँ जन्म दिवस समारोह आयोजित



दिनांक 15.04.2024 को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का 133वाँ जन्म दिवस का आयोजन अपर मंडल रेल प्रबन्धक श्री प्रणव कुमार की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में रेलवे अधिकारीगण, यूनियन व एसोशिएशन के पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों व यूनियन के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये तथा वृहद स्तर पर बाबा साहब जन्म दिवस आयोजन किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की।



*''ज्ञान के बिना कोई ज्ञानी नहीं हो सकता'' - नितीश भाष्य*

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 05.06.2024 को विश्व पर्यावरण दिवस पर मंडल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के तहत मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा मंडल कार्यालय में वृक्षारोपण कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने आगरा मंडल कार्यालय में पौधारोपण के साथ पर्यावरण जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया तथा अधिकारियों व रेल कर्मचारियों को पर्यावरण की शपथ दिलाई।

## विद्युत लोको ट्रिप शेड का उदघाटन



दिनांक 15 जून 2024 को आगरा मंडल में गाड़ियों के सुरक्षित एवं संरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के क्रम में विद्युत लोकोमोटिव के अनुरक्षण करने के लिए विद्युत लोको ट्रिप शेड का मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। आगरा में ट्रिप शेड बनने से गाड़ियों के संरक्षित व सुचारू रूप से संचालन में निश्चित ही लाभ होगा। उद्घाटन के समय मंडल के अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रेलवे सुरक्षा बल थाने की नई इमारत का उद्घाटन



दिनांक 18.06.2024 को मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल ने रेलवे सुरक्षा बल आगरा फोर्ट थाने की नई इमारत का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त श्री अनुभव जैन के साथ मंडल के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित



10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक 21 जून 2024 को योग दिवस मनाया गया। मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) श्री प्रनव कुमार और सीपीएम श्री एम.पी. सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया एवं योग की शपथ दिलाई गयीं। 'स्वयं एवं समाज के लिए योग' थीम पर 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग अभ्यास का आयोजन किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक ने रेलकर्मियों को योग के प्रति जागरूक कर स्वस्थ रहने के लिये प्रेरित किया। उसके बाद योगाभ्यास किया गया। योग अभ्यास शिविर में मंडल के विभागाध्यक्षों सहित अधिकारीगण तथा कर्मचारीगणों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।

## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा मथुरा-अलवर रेल खंड का निरीक्षण



दिनांक 22.06.2024 को आगरा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा मथुरा-अलवर रेल खंड का निरीक्षण किया गया। अमृत भारत स्टेशन में चयनित भूतेश्वर, गोविंदगढ़, डीग, गोवर्धन एवं गढ़िका रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्री सुविधाए,सर्कुलेटिंग एरिया, स्टेशन रिकॉर्ड का बारीकी से निरीक्षण किया एवं स्टेशन पर चल रहे नवनिर्मित कार्यो की समीक्षा की।

## महिला कल्याण संगठन द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



दिनाँक 03.07.2024 को महिला कल्याण संगठन आगरा द्वारा रेल संस्थान ईदगाह में वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती रितु अग्रवाल तथा महिला कल्याण संगठन की अन्य सदस्या ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण एवं वातावरण स्वच्छ रखने का सन्देश दिया।

## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा गोवर्धन व मथुरा जं. स्टेशन का निरीक्षण



दिनांक 08.07.2024 को मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा मुंडिया पूर्णिमा मेला के दृष्टिगत गोवर्धन स्टेशन व मथुरा जं. स्टेशन का निरीक्षण किया। उसके उपरांत गोवर्धन रेलवे स्टेशन पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो, जिसको लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।

## रेल बजट के आवंटन से संबंधित प्रेस वार्ता आयोजित



दिनांक 24.07.2024 को माननीय रेल मंत्री द्वारा (ऑन लाइन) बजट में उत्तर प्रदेश के संबंध में रेल बजट के आवंटन से संबंधित प्रेस वार्ता में अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा आगरा श्री प्रनव कुमार के साथ मंडल के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## एक पेड़ मां के नाम महा अभियान के तहत रेलवे द्वारा पौधारोपण

मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल के नेतृत्व में दिनांक 29.07.2024 को कम्युनिटी हॉल आगरा में 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया, जिसमे विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार तथा औषधीय पौधों का रोपण किया गया तथा उनकी सुरक्षा हेतु संकल्प लिया गया।वृक्षारोपण अभियान में रेलवे अधिकारी और कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया और वृक्षारोपण कर वृक्ष के संरक्षण का संकल्प लिया।

# अध्यक्ष सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रेलवे बोर्ड श्रीमती जया वर्मा सिन्हा द्वारा झांसी मंडल का दौरा




संरक्षक

**उपेन्द्र चन्द्र जोशी**
महाप्रबंधक

मुख्य संपादक
**श्री जोगिंदर सिंह लाकरा**
अपर महाप्रबंधक

कार्यकारी संपादक
**श्री हिमांशु शेखर उपाध्याय**
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी

सहायक संपादक
डॉ. अमित मालवीय, श्री अमित कुमार सिंह, श्री मनीष कुमार सिंह
श्री मनोज कुमार सिंह, श्रीमती रागिनी सिंह एवं कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव

उप सम्पादक
श्री पूरन मल मीना, श्री मोहन लाल मीना, श्री प्रमाद कुमार मिश्रा एवं श्री अनुज कुमार राजपूत

जनसंपर्क विभाग, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा प्रकाशित




*''मानव की सेवा करना मानव का सर्वप्रथम कर्तव्य है।'' - विनोबा भावे*